# J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR

(College With Potential for Excellence, Affiliated to M.S. University, Saharanpur)

Estd. 1955 Ph. No. – 09456004915

पत्रांक :– आ0सू0/ 901 /2025–26 दिनांक :– 22.11.2025

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय कार्यालय द्वारा प्रस्तुत टीपें एवं आज्ञाएं दिनांक 22/11/2025 **(संलग्न)** के अनुपालन में दिनांक 25/11/2025 को पूर्व में ही यू0जी0 एवं0 पी0जी0 पाठ्यक्रम के आन्तरिक परीक्षा कार्यक्रम घोषित होने के कारण छात्र हितों के दृष्टिगत शासन/प्रशासन द्वारा घोषित गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस की नवीन अवकाश तिथि अर्थात् दिनांक 25/11/2025 को महाविद्यालय में अवकाश घोषित करने के स्थान पर उक्त अवकाश माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के अवकाश कैलेण्डर में अंकित तिथि अर्थात् दिनांक 24/11/2025 को करने की संस्तुति की गई है क्योंकि यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की मुख्य परीक्षाएं दिनांक 26/11/2025 से निर्धारित रूप से सम्पादित होनी है।

अतः माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के अवकाश कैलेण्डर में अंकित गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस के अवकाश को दिनांक 24/11/2025 को घोषित किया जाता है तथा दिनांक 25/11/2025 को महाविद्यालय यथावत् खुलते हुए परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्पादित होगी।

तदानुसार सभी सम्बन्धित कार्यवाही सम्पादित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक – उपरोक्तानुसार।**

24/11/25

**(प्रो0 वकुल बंसल)**

प्राचार्य

PRINCIPAL
J.V. JAIN COLLEGE
SAHAR...

**सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित :–**

1. श्रीमान जिलाधिकारी, सहारनपुर।
2. श्रीमान कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदया, माधवपुरम्, मेरठ।
4. महाविद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के ऑफिशियल व्हाट्स–एप ग्रुप पर।
5. डॉ0 प्रदीप कुमार जैन, का0 कार्यालय अधीक्षक – समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।
6. मिस प्राची जैन, स्टैनो – महाविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

J.V. JAIN COLLEGE, PRADUMAN NAGAR, SAHARANPUR – 247 001 (BHARAT) E-mail Id – jvjaincollege@gmail.com
Website :- www.jvjaincollege.com

... COLLEGE
SAHARANPUR
Receipt No. 1237
Date 22-11-2025
Sign.

# जे0वी0 जैन कालिज, सहारनपुर
## टीपें एवं आज्ञाएं

दिनांक :– 22.11.2025

**विषयः– दिनांक 25/11/2025 के अवकाश को दिनांक 24/11/2025 में समायोजित करने के सम्बन्ध में।**

श्रीमान प्राचार्य,

आपको अवगत कराना है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की अवकाश तालिका के अनुसार महाविद्यालय में पूर्व से ही यू0जी0 एवं पी0जी0 पाठयक्रमों का आन्तरिक परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है, जिसमें दिनांक 25/11/2025 को यू0जी0 एवं पी0जी0 पाठ्यक्रम के अधिकांश छात्र/छात्राओं की परीक्षा है, जिसको किसी अन्य तिथि पर स्थानान्तरित किये जाने से छात्र/छात्राओं की परीक्षा को छूटने की प्रबल सम्भावना बन रही है, जो कि छात्र हितों के विपरीत होगा। छात्र/छात्राएं भी इस अवकाश की तिथि की नवीन घोषणा से परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में दिग्भ्रमित हो सकते है। चूंकि विश्वविद्यालय परीक्षाएं दिनांक 26/11/2025 से निश्चित रूप से प्रारम्भ हो रही है, अतः परीक्षा तिथि में परिवर्तन भी सम्भव नहीं है।

अतः छात्र हित एवं पूर्व नियोजित परीक्षा के सुचारू संचालन के दृष्टिगत आपसी सहमति के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि उक्त दिनांक 25/11/2025 को सम्पादित होने वाली परीक्षा को उसी तिथि पर ही सम्पादित किया जाये तथा शासन/प्रशासन द्वारा गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस की नवीन तिथि अर्थात् दिनांक 25/11/2025 को घोषित अवकाश को माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय अवकाश कैलेन्डर द्वारा निर्धारित पूर्व तिथि दिनांक 24/11/2025 में ही समायोजित कर लिया जाये, जिसकी सूचना प्रशासन तथा उच्च शिक्षा विभाग के अन्य उच्च आधिकारीगण को भी प्रेषित कर दी जाये।

22/11/2025
**(डॉ0 प्रदीप कुमार जैन)**
का0 कार्यालय अधीक्षक

22/11/25
**(डॉ0 नेहा)**
उप आन्तरिक परीक्षा प्रभारी

22/11/25
**(प्रो0 पूनम खरे)**
उप आन्तरिक परीक्षा प्रभारी

22/11/25
**(सीमा मिश्रा)**
आन्तरिक परीक्षा प्रभारी

22.11.2025
**(प्रो0 परविन्द कुमार)**
छात्र कल्याण अधिष्ठाता

22/11/25
**(प्रो0 पंकज गुप्ता)**
उप–प्राचार्य

Steno
Allowed 4 for
n.a.pl.

22/11/25

PRINCIPAL
J.V. JAIN COLLEGE
SAHARANPUR